ब्राईट फ्यूचर इन्स्टीट्यूट संस्था

6/206, एस.एफ.एस. अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

वार्षिक प्रतिवेदन
2013–14

संस्था 1986 से निरंतर महिलाओं एवं बालकों के कल्याणार्थ विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर लाभाविन्त करती आ रही है। संस्था राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत है। पंजीकरण क्रमांक 302/86–87 दिनांक 13.03.1987 है। संस्था महिलाओं एवं बालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणें दे रही है। बालकों के लिए विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

1. संस्था द्वारा वर्ष 2013–14 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्वीकृत क्राफ्ट प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया गया जिसमें 50 युवतियों व महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षाणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं कार्य कर रहें है।
2. संस्था द्वारा वर्ष 2013–14 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत अनावासीय विद्यालय में 105 अनुसूचित जाति व 5 अन्य वर्ग के छात्र–छात्राओं ने अध्ययन किया।
3. संस्था द्वारा 31 युवक–युवतियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।
4. संस्था द्वारा तीन सप्ताह की संगीत एवं नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत में 29 एवं नृत्य में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
5. संस्था द्वारा महिला जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 61 महिलाओं को लाभाविन्त किया गया।
6. संस्था द्वारा संचालित विद्यालय में इस वर्ष पर्यावरण सुरक्षा पर विचार गोष्ठियों का अयोजन किया गया। इसके साथ–साथ पर्यावरण विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

करवाई गई जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को संस्था की तरफ से आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए।

7. संस्था द्वारा इस वर्ष नशा मुक्ति शिविर लगाकर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई।
8. संस्था के छात्रा–छात्राओं द्वारा वर्ष 2013–14 में राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया गया एवं पल्स पोलियो रैली का आयोजन किया गया।
9. संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के अशिक्षित पुरूषों/महिलाओं को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया।
10. संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार की पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के माध्यम से शिक्षा का प्रचार–प्रसार किया गया।
11. संस्था द्वारा कन्या, भ्रुण हत्या एवं परिवार कल्याण संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारियों दी गई।
12. संस्था द्वारा सामाजिक बुराईयों जैसे– दहेज की रोकथाम के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रचार प्रसार किया गया।
13. संस्था द्वारा एड्स की रोकथाम के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया।
14. संस्था द्वारा इस वर्ष जल संरक्षण पर कई विचार गोष्ठियों का आयोजन किया गया जो कि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की गई।
15. संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों का संचालन भारत सरकार से प्राप्त किया जा रहा है।

इस प्रकार वर्ष 2013–14 संस्था के लिए उपलब्धियों भरा रहा। संस्था अपनी स्थापना तिथि से निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

मन्त्री
ब्राईट फ्यूचर इन्स्टीट्यूट संस्था
पदमपुर